# Guest of Honour at the 55th Foundation Day Celebration of Indian Pharmaceutical Association (IPA) at Patna


मोतिहारी, मंगलवार
12 दिसम्बर, 2023

5


## आईपीए के स्थापना दिवस पर डिवाइन ग्रुप सम्मानित

गरीब दर्शन /जीरादेई।

१० दिसंबर को पटना के आईएमए हॉल में इंडियन फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन का ५५वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। बता दें कि इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन (आईपीए) एक राष्ट्रीय ग़ैर सरकारी निकाय है जो उद्योग, शिक्षा, अस्पताल और सामुदायिक फार्मेसी के लाखों से अधिक फार्मासिस्ट और वैज्ञानिकों का प्रतिनिधि है एवं भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड का सदस्य है। प्रतिवर्ष मनाये जाने वाले स्थापना दिवस में फार्मेसी सेक्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शैक्षणिक संस्थानों को आईपीए द्वारा पुरस्कृत किया जाता है जिसमे इस वर्ष डिवाइन ग्रुप ने अपना परचम लहराया है। पूर्वोक्त कार्यक्रम में डिवाइन ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चंद प्रसाद तथा डिवाइन फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ एस गोस्वामी को सर्वश्रेष्ठ फार्मेसी शिक्षा एवं अनुसंधान स्थापित करने के लिए सम्मानित किया गया है । यह प्रतिष्ठित सम्मान इन्हें आईपीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ टीवी नारायण, उपाध्यक्ष डॉ एससी मण्डल तथा डॉ रामशरणागत ठाकुर के कर कमलों द्वारा प्राप्त हुए जिसमें आईपीए बिहार ब्रांच अध्यक्ष संजीव राय, उपाध्यक्ष कुमार अजय एवं सचिव आर बंधोपाध्याय भी मौजूद रहे ।